आईईसी वैन शासन की योजनाओं को कर रही प्रचारित

पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना अंतर्गत किया गया लाभान्वित

# विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत पनाला और गोयल पहुंची





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ देकर योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन लाने के लिए विकासखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा निर्धारित रूट की ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर रही है। शुक्रवार को संकल्प यात्रा ने नलखेड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत पनाला एवं गोयल का भ्रमण किया। जहां पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया।



यात्रा अंतर्गत आईईसी सर्वसुविधायुक्त मोबाईल वैन ने ग्राम पंचायतों में जाकर शासन की विभिन्न योजनाओं को प्रचारित किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की चिन्हित योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभ देने हेतु पंजीयन किया गया। यात्रा अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। वंचितों एवं अपेक्षितों को केन्द्र शासन की योजनाओं का समयबद्ध लाभ प्रदान करने हेतु जिले में 16 दिसम्बर से प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा आगर-मालवा जिले की ग्राम पंचायतों एवं नगरीय क्षेत्रों में भ्रमण कर रही है। यात्रा अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित कर सभी पात्र हितग्राहियों को केन्द्रीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।

शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा नलखेड़ा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पनाला एवं गोयल पहुंची। जहां जन-जागरूकता की गतिविधियाँ संचालित की गई तथा पात्र व्यक्तियों को लाभ देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किये गए। योजनाओं में पूर्व से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभवों को साझा कर शासन की योजनाओ की प्रशंसा की।

### अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की चिंता कर सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रहीं : राणा

इस अवसर पर उपस्थित पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की चिंता कर उनके उत्थान हेतु कई योजनाएं बनाकर संचालित कर उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी उपस्थित ग्रामीणों को बताया तथा कहा कि आगे आकर शासन की इन योजनाओं का लाभ उठावे।कार्यक्रम में राणा के साथ भाजपा किसान संघ के जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा,वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक लोढ़ा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, उपाध्यक्ष प्रितेश फाफरिया,पार्षद गोवर्धन वेदिया मोहन नागर, मुकेश लोढ़ा, रितेश सोनी, ग्राम पंचायत पनाला सरपंच विजय मंडोलिया, भगवान सिंह गुर्जर, पूर्व सरपंच मानसिंह गुर्जर, मयाराम गुर्जर सहित कई भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे। जिनके हाथों पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा मैं एसडीएम मिलिंद ढोके, तहसीलदार प्रीति भिंसे के साथ अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खण्ड नलखेड़ा की ग्राम पंचायत बैरछाखेड़ी एवं ढाबला सोनगरा पहुंची, जहां जन-जागरूकता की गतिविधियां संचालित की गईं तथा पात्र व्यक्तियों को लाभ देने के लिए विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए।

## श्रीनिवास रामानुजाचार्य की 136वीं जयंती मनाई



नलखेड़ा। सरस्वती विद्या मंदिर केशव कुंज में श्रीनिवास रामानुजाचार्य की 136वीं जयंती गणितीय दिवस के रूप में मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व आचार्य जगदीश पाटीदार, विशेष अतिथि व्यवस्थापक गोविंद वेदिया, जगदीश राठौर उपस्थित थे। गणितीय प्रश्नों के उत्तर देने वाले भैया बहनों को मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। संचालन बहन रिद्धिमा भंडारी ने किया। भैया हेमेन्द्र, बहन आरती भिलाला, अंजु कुम्भकार, प्रियांसी तीवारी ने गणित के महत्व को प्रदर्शित किया।

## नप कार्यालय में कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली



नलखेड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्मदिवस के अवसर पर स्थानीय नगर परिषद कार्यालय में सुशासन की शपथ ली गई। शुक्रवार को 11 बजे नगर परिषद कार्यालय परिसर में कर्मचारियों द्वारा सुशासन की शपथ ली गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि अटलजी का जन्मदिवस 25 दिसम्बर को है उसके एक दिन पूर्व 24 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। लेकिन इस वर्ष 24 दिसम्बर को रविवार एवं 23 दिसम्बर को शनिवार का शासकीय अवकाश होने के कारण शुक्रवार को शपथ ली गई।

## सभी शासकीय स्कूलों के बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर लाने का प्रयास करें : कलेक्टर

### विगत वर्ष जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम कम रहा है, वहां विशेष ध्यान दें




हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों का बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर लाने का प्रयास करें, सभी बच्चें अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो सकें, इसके लिए परीक्षा के अंतिम समय में शिक्षक बच्चों के लिए अच्छी मेहनत करें। यह निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने गुरूवार को कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के हाई स्कूल में हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचायो की बैठक लेकर दिए। कलेक्टर ने शैक्षणिक सत्र 2022-23 के बोर्ड परिणाम की स्कूलवार समीक्षा कर, जिन स्कूलों के परीक्षा परिणामो की स्थिति अत्यंत दयनीय है, उनके प्राचार्यों से कारण पूछते हुए निर्देशित किया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम किसी भी स्थिति में कम नहीं आए, जिन विषयों में बच्चें कमजोर है, उन विषयों के लिए अच्छी मेहनत करें। सभी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाई जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए की स्कूलों में यदि किसी विषय के शिक्षक की कमी है, तो शिक्षकों की मैपिंग कर रोस्टर बनाकर ड्यूटी लगाई जाए, जो बच्चे बेहद कमजोर है, उनके लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने परिवेदना पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में न्यायालयीन प्रकरण, सीएम राइज विद्यालय निर्माण, पीएम श्री स्कूल, परीक्षा पर चर्चा, यू-डाइस पोर्टल एवं विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा कर कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर ने प्राचार्यों को निर्देशित किया कि स्कूल समय पर खुले एवं समय पर बंद हो, कहीं से भी स्कूल संचालन में समयावधि का पालन नहीं होने की शिकायत नहीं मिले। सभी शिक्षक बच्चों को परीक्षाओं की अच्छे से तैयारी करवाए। बैठक में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी आरजी शर्मा, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

नगर में शीतलहर का प्रकोप जारी

## ठंड से बचने नागरिक गर्म कपड़े और अलाव का ले रहे सहारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

क्षेत्र में गत कुछ दिनों से लगातार शीतलहर का प्रकोप जारी है। शीतलहर के साथ आसमान में बादल भी छा रहे हैं। शीतलहर से बचने के लिए नागरिक अलाव एवं गर्म कपड़ों का सहारा ले रहे हैं। गुरुवार दिन में जहां सूर्य की तीखी तपन महसूस की जा रही थी। वहीं शाम ढलते-ढलते ठंडी हवाओं के साथ शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया।

शुक्रवार को पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे, कुछ समय के लिए बादलों की ओट में सूरज की लुकाछिपी भी जारी रही। शीत लहर के चलते जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। सभी प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। नागरिक सुबह देर से घरों से निकल रहे हैं और जल्दी घर पहुंच रहे हैं। दिन भर सर्द मौसम से बचने के लिए नागरिकों द्वारा गर्म ऊनी वस्त्र धारण कर रहे हैं वहीं सुबह-शाम अलाव का सहारा भी लिया जा रहा है। इसी



के साथ व्यंजन प्रेमियों द्वारा ठंड के इस मौसम में गरमा-गरम जलेबी एवं गराडू का लुफ्त उठाया जा रहा है।

### कम्युनिटी हॉल आम नागरिकों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराने का पार्षद ने सौंपा मांग पत्र

नलखेड़ा। नगर के वार्ड क्रमांक 7 में स्थित कम्युनिटी हॉल आम नागरिकों की सुविधा के लिए उपलब्ध करवाने की मांग का एक मांग पत्र वार्ड पार्षद द्वारा सीएमओ को सौंपा गया है। वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद अमृता बाई अम्बाराम बेगाना ने नगर परिषद के सीएमओ को सौपे मांग पत्र में बताया गया कि वार्ड 7 अयोध्या बस्ती बहुल वार्ड होकर गरीब वर्ग के नागरिक निवास करते हैं। यहां वार्डवासियों को अपने सामाजिक कार्य करने के लिए कोई मांगलिक भवन नहीं होने से खुले में टेंट लगाकर कार्यक्रम करना पड़ते हैं, जिसके कारण नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। मांग पत्र में बताया गया कि वार्ड में पूर्व से निर्मित कम्युनिटी हॉल में नगर परिषद कार्यालय संचालित हो रहा है। पार्षद द्वारा मांग की गई कि वार्डवासियों की सुविधा व उनके उपयोग के लिए कम्युनिटी हॉल में संचालित नप कार्यालय अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर इसे खाली किया जाए।

## नगर में शौर्य संचलन निकाला



कानड़। बजरंग दल खंड कानड़ द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष में शुक्रवार को संघ स्थल से शौर्य संचलन घोष के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से निकल गया। नगर भ्रमण के दौरान संचलन का प्रमुख चौराहों पर पुष्प उड़कर स्वागत किया गया। संचालन के पूर्व संघ स्थल पर विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री विनोद कौशल का बौद्धिक हुआ। बौद्धिक में बजरंग दल की भारत में पृष्ठभूमि पर मार्गदर्शन दिया गया। मंचासीन किशोर बैरागी जिला उपाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष प्रभु लाल मालवीय, प्रखंड के कार्यकर्ता धर्मेंद्र पाटीदार, प्रखंड उपाध्यक्ष शंकर लाल कुमरावत, लखन गुर्जर, देवकरण गुर्जर उपस्थित थे।



सीएम राइज शासकीय कन्या स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

## ‘श्रीनिवास रामानुजन आधुनिक काल के महान गणितज्ञ थे’

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सीएम राइज शासकीय कन्या उमा विद्यालय नलखेड़ा में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। गणित विषय के शिक्षक मुकेश चौरसिया ने श्रीनिवास रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि हम दैनिक जीवन मे किसी न किसी रूप में गणित का उपयोग निश्चित करते हैं। गणित की उपयोगिता सार्वभौम है। श्रीनिवास रामानुजन ने भारत को अतुलनीय गौरव प्रदान किया।

### स्वयं से ही सीखा गणित

उन्होंने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन को आधुनिक काल के महान गणित विचारको में गिना जाता है। श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसम्बर 1887 को तमिलनाडु के ईरोड शहर में हुआ था। श्रीनिवास रामानुजन केवल 33 वर्ष जिये। लेकिन इतने कम समय मे ही उन्होंने गणित की कई जटिल रिसर्च पूरी की। इन्होंने स्वयं से ही गणित सीखा एवं गणित का किसी से भी प्रशिक्षण नही लिया। रामानुजन जी के द्वारा गणित संबंधित किये गए अधिकांश कार्य अभी भी कई वैज्ञानिकों के लिए अबूझ पहेली बने हुए है। रामानुजन के शोधों की तरह उनके गणित में काम करने की शैली भी विचित्र थी। इन्होंने अपने जीवन काल मे 3884 गणित की प्रमेयों का संकलन किया।इनमे से अधिकतर प्रमेय सिद्ध किये जा चुके है। इनके संख्या सिद्धांत पर अद्भुत काम करने के कारण इन्हें संख्याओ का जादूगर कहा जाता है। श्रीनिवास रामानुजन को गणितज्ञों का गणितज्ञ भी कहा जाता है।



महज 12 वर्ष की आयु में इन्होंने ट्रिग्नोमेट्री में महारत हासिल कर ली थी और स्वयं की बनाई कई थ्योरम स्थापित की। इन्होंने रीमैन श्रृंखला, हाईपर ज्योमेट्रिक श्रृंखला और जेटा फंक्शन के कार्यात्मक समीकरणों पर काम किया। गणित का जिक्र श्रीनिवास रामानुजन के बिना अधूरा है। वास्तव में रामानुजन को इतिहास के महान गणित विचारकों में गिना जाता है।उपर्युक्त महान गणितज्ञ के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का अध्ययन करने के पश्चात हम कह सकते है की वर्तमान काल को भारतीय गणित के इतिहास का श्रेष्ठ काल कहा जा सकता है।महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन ने अपने शोध कार्यो से आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन किया है और इस प्रकार मानव कल्याण का महान लक्ष्य प्राप्त किया। 26 अप्रैल 1920 को कुंभकोणम में इस महान गणितज्ञ का निधन हो गया। भारत देश के इस महान गणितज्ञ को हम शत शत नमन करते है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य शान्तिलाल राठौर, रामलाल पाटोदिया, महेश व्यास, बैजनाथ वर्मा, मंगलेश भाटी, संजय वेदिया, पंकज शर्मा, श्रीमती श्रेष्ठा चौरसिया, ममता पाटीदार, इंदु दुबे, संगीता कटारा, सोनम शेजवार एवं शिवानी राठौर उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

### अग्रवाल महारथी महासम्मेलन में इंदौर रत्न अवार्ड से सम्मानित



**देवास।** शहर के जाने-माने प्रतिष्ठित बीमा अभिकर्ता मधुसुदन अग्रवाल को गत दिवस इंदौर में आयोजित इंदौर महारथी महासम्मेलन में सम्मानित किया गया। एलआईसी के इंदौर मंडल द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन थी एवं अध्यक्षता प्रभात कुमार साहू मंडल प्रबंधक ने की। कार्यक्रम में इंदौर मंडल में उत्कृष्ट कार्य के लिए अभिकर्ता मधुसुदन अग्रवाल को इंदौर रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ग्रहण करने के लिए अग्रवाल और उनकी पत्नी पूजा अग्रवाल महासम्मेलन में पहुंचे थे। अग्रवाल की इस उपलब्धि पर स्नेहीजनों व साथी अभिकर्ताओं ने बधाई प्रेषित की। उल्लेखनीय है कि अग्रवाल लंबे समय से बीमा अभिकर्ता के रूप में सेवाएं दे रहे हैं और वे हेल्थ इन्श्योरेंस के क्षेत्र में भी पहचान रखते हैं।

### उपराष्ट्रपति की मिमिक्रि के विरोध में जाट समाज ने दिया ज्ञापन



**देवास।** जाट समाज का अपमान किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जायेगा और इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। उक्त बातें उपराष्ट्रपति महामहिम जगदीप धनखड़ की विपक्षी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा मिमिक्रि करना एवं राहुल गांधी द्वारा उसका वीडियो बनाकर अपमान करने के विरोध में जिला देवास जाट समाज के सदस्यों ने महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम कलेक्टर देवास में कलेक्टर के प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर संजीव सक्सेना को ज्ञापन सौपते हुए कही। ज्ञापन का वाचन यशवंत डागोरा ने किया। इस अवसर पर मौजीराम जाट बैरागढ़, राधाकिशन जाट बैरागढ़, ओमप्रकाश चौधरी पूर्व सरपंच बांगर, मोहन सारण सरपंच डिगोद, जगदीश जाट अमोदिया, प्रहलाद गोलिया, दिनेश जाट बैरागढ़, नंदकिशोर जाट, भारतसिंह मलिक, राजेश जाट सचिव जाट समाज, राहुल जाट, दुर्गेश जाट, महेन्द्रसिंह जाट सहित समाज के कई वरिष्ठजन उपस्थित थे।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 फरवरी को

**देवास/भौंरासा।** प्रजापित समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 फरवरी 2024 को सम्मेलन अध्यक्ष रामलाल कुम्भकार के नेतृत्व में आयोजित किया जावेगा। अध्यक्ष रामलाल कुम्भकार ने बताया कि प्रजापति समाज का दूसरा सामूहिक विवाह 19 अप्रेल 2024 को तथा तीसरा सम्मेलन 13 मई को किया आयोजित जावेगा। तीनों सम्मेलन के लिए पंजीयन शुरू हो चुका है।

## कई केंद्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्तियां भी अटकी

# सालों से प्रभारी के भरोसे चल रहा महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय बागली

महिला बाल विकास परियोजना घाट ऊपर के अंतर्गत 277 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा है, लेकिन स्थायी अधिकारी न होने के कारण पात्रों को मिलने वाली योजनाएं कही न कही प्रभावित हो रही हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/बागली



प्रदेश सरकार द्वारा महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से कई महिला लाभान्वित योजनाओं का संचालन किया जाता है। यह विभाग महिलाओं और बच्चों को सुदृढ़ करने हेतु सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर ले जाने का काम करता है। बावजूद इसके बागली विकासखंड मुख्यालय पर संचालित महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय प्रभारी के भरोसे चल रहा है। फूल टाईम अधिकारी न होने के कारण इस कार्यालय का संचालन सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है। जानकारी के अनुसार 2015 से ही यह कार्यालय प्रभारी अधिकारियों के भरोसे चल रहा है, जिस कारण इस कार्यालय के हाल बेहाल है। वर्तमान में भी यहां पर प्रभारी के रूप में अधिकारी नियुक्त है, जो कम ही आ पाते हैं, ऐसे में निचले कर्मचारी नियम अनुसार कार्य नहीं करते हैं। साथ ही सुचारू रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का भी संचालन नहीं हो पा रहा है। लाड़ली लक्ष्मी योजना हो या आंगनबाड़ी केंद्रो पर मिलने वाला भोजन एवं पोषण आहार वितरण जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होते है।

जिस कारण योजनाए नियमानुरूप संचालित नहीं हो पाती हैं। कार्यालय की बात की जाए तो कार्यालय भी पूरी तरह बदहाल हो रहा है। आश्चर्य की बात यह है कि इतना लंबा समय होने के बावजूद भी शासन की ओर से यहां पर अभी तक फूल टाईम अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है, हालांकि बीच में एक अधिकारी की नियुक्ति हुई थी, लेकिन कार्य में लापरवाही व अनियमितता के चलते उन्हें भी यहां से हटा दिया गया था। मुख्य कार्यालय इन दिनों बदहाल स्थिति में है। जिसकी ना तो रंग रोगन हुआ है ना ही वहां पर विभाग का नाम लिखा हुआ है। अधिकारी न होने के कारण सरकार की कई योजनाएं जमीनी स्तर तक नहीं पहुंच पा रही है, ना ही विभाग के माध्यम से होने वाले कार्यक्रम आयोजित हो पा रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है की इतना लंबा समय होने के बावजूद भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का इस और ध्यान नहीं गया। महिला बाल विकास परियोजना घाट ऊपर के अंतर्गत 277 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन हो रहा है, लेकिन अधिकारी न होने के कारण इन आंगनबाड़ियों का नियम अनुसार संचालन नहीं हो पा रहा है।

ना हीं सुचारू रूप से आंगनबाड़ियों के माध्यम से योजनाओं का लाभ पात्रों को मिल पा रहा है। बता दे की महिला बाल विकास परियोजना घाट ऊपर सेक्टर में ऐसी कई आंगनवाड़ी केंद्र है, जहां पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का पद रिक्त है, फुल टाइम अधिकारी न होने के कारण यहां पर लंबे समय से नियुक्तियां नहीं हो पा रही है। जिसके कारण इन आंगनबाड़ियों का भी ठीक से संचालन नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में सोनकच्छ परियोजना अधिकारी प्रदीप जैन को बागली का प्रभार दे रखा है। सोनकच्छ से बागली कि लगभग 60 किमी की दूरी है, जिसके कारण प्रभारी अधिकारी प्रतिदिन बागली नहीं आ पाते हैं।

**अधिकारी की कराएंगे नियुक्ति**

जल्द ही उचित कार्रवाई करते हुए, शासन के नियम अनुसार यहां पर फूल टाइम अधिकारी की नियुक्ति कराई जाएगी, जिससे कि महिला बाल विकास परियोजना घाट ऊपर क्षेत्र का ठीक से संचालन हो सकें।

**मुरली भंवरा,** विधायक बागली

**भेजी गई है डिमांड**

स्थायी अधिकारी के लिए डिमांड भेजी गई हैं। पूर्व में पदस्थ निलम सेठिया को उज्जैन भेज दिया गया था। वर्तमान में पदस्थ अदिति सिंह स्वास्थ्य कारणों के चलते नही आ पा रहीं है। प्रभारी अधिकारी के साथ ही जिले से भी सतत मॉनिटरिंग की जाती हैं।

**रेलम बघेल,** जिला महिला बाल विकास अधिकारी

### डॉ. नेहा बघेल ने पदक जीतकर गौरवान्वित किया



**देवास।** शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास की क्रीड़ा अधिकारी डॉ नेहा बघेल ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज तैराकी प्रतियोगिता 2023 -24 में मध्य प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व किया जो कि दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की गई थी। इसमें उन्होंने 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में कांस्य पदक व 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजक पदक हासिल कर देवास व मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाया। डॉ नेहा बघेल को कन्या महाविद्यालय देवास के प्राचार्य डॉ भारत सिंह गोयल व समस्त प्राध्यापकगणों ने बधाई दी और भविष्य में ऐसे ही उत्तम प्रदर्शन व परिश्रम करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

### ज़मीन नपती को लेकर राजस्व अमले के सामने हुई पत्थरबाजी



**देवास।** शुक्रवार को थाना बीएनपी अंतर्गत अमरपुरा के निकट गद्दूखेड़ी गाँव में ज़मीन नपती के दौरान 2 पक्ष आपस में भिड़े गए। राजस्व अमले और पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी हुई। जिसमें करीब 10 लोग घायल हुए। उक्त घटना में पुलिस मामले की जांच में की जा रही हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएनपी थाना अंतर्गत ग्राम अमर पूरा मे जमीन नप्ति को लेकर मुस्लिम समुदाय के दो गुटों मे संघर्ष, पथराव के बाद जिला अस्पताल मे भी चाकू बाजी हुई।जिसमे चार लोगों के घायल होने की सूचना हैं। गांव में विवाद के बाद जिला अस्पताल में फिर विवाद हुआ था। जिसमे एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के व्यक्ति को चाकू मारा गया।

## कंडक्टर ने बुरी नियत से पकड़ा था महिला का हाथ

**न्यायालय ने सुनाई सजा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



प्रभारी उप संचालक अभियोजन, जिला लोक अभियोजन अधिकारी राजेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला देवास द्वारा बताया गया कि दिनांक 9 फरवरी 2017 को पीड़ति महिला ने थाना खातेगांव पर आकर रिपोर्ट लिखायी कि उसका पति बस में ड्रायवरी करता है जो तीन चार दिन में घर आते है। बस का कंडक्टर गोपाल दोपहर में 1.00 बजे करीब घर आया और गेट बजाया उस समय मैं घर पर अकेली थी।

मैंने जाकर दरवाजा खोला तो गोपाल था, जिसने बोला कि मुझे पता है कि तुम्हारा पति घर पर नही है और मेरा हाथ बुरी नियत से पकड़ लिया। मैंने धक्का देकर गेट बन्द कर लिया। जब मेरा पति लौटकर आया तो मैंने उन्हें घटना बतायी। घटना की रिपोर्ट खातेगांव थाने पर दर्ज की गई। न्यायिक मजिस्टेट, प्रथम श्रेणी तहसील खातेगांव, जिला देवास द्वारा निर्णय पारित कर आरोपी गोपाल पिता सुखदेव राठौड़, विासी ग्राम सुन्द्रेल, जिला देवास को धारा 354 भादवि में 2 वर्ष का सश्रम कारावास व 500/-रूपये के अर्थदण्ड से एवं धारा 354 (क) भादवि में 01 वर्ष का सश्रम कारावास व 500/-रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी रईस शेख, एडीपीओ जिला देवास द्वारा की गई।

## प्रीमियर बेडमिंटन लीग सीजन की शुरूआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खेल एवं युवा कल्याण विभाग देवास तथा टीम पीबीएल के संयुक्त तत्वाधान में 21 दिसंबर से 24 दिसंबर तक आयोजित होने वाली प्रेमियर बेडमिंटन लीग सीजन 2 का रंगारंग शुभारंभ देवास के कुशाभाऊ ठाकरे बेडमिंटन हॉल पर संपन्न हुआ। जिसमे ज़िले के 80 खिलाडिय़ों ने बढ़चढ़ के भाग लिया।नगर निगम सभापति रवि जैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमे हिस्सा ले रही है जो कि इस प्रकार है बैडमिंटन घोस्ट सुमित कुलकर्णी वेदप्रकाश ठाकुर, श्रीजी शटलर्स आशीष अग्रवाल एम.डि.आर.टी यू.एस.ए सौरभ ठाकुर, पेट्रियोटिक चौम्पियंस शैलेंद्र सिंह पँवार जितु रघुवंशी, टीम राहुल, भरत विश्वकर्मा, प्रयास राजानी, देवास हंटर्स 2.0 अजय दायमा देवेंद्र सिंह चौहान, सी.डी.बी वारियर्स डॉ अमित चौबे संजय सिंह पँवार, एमएम मास्टर्स रितेश मालवीय, हिमांशु मंडलोई, देवास हंटर्स यश सोनी अक्षय गुप्ता। बैडमिंटन घोस्ट 3, श्रीजी शटलर्स 0, पेट्रियोटिक चौम्पियंस 4, टीम राहुल श्री 4, देवास हंटर्स 2.0 5, सीडीबी वारियर्स 4, एम.एम.मास्टर्स 3, देवास हंटर्स 3 हैं।

## अभिभाषक संघ की क्रिकेट टीम रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला व सत्र न्यायाधीश प्रभात कुमार मिश्रा की अगवानी में देवास जिला अभिभाषक की क्रिकेट टीम धार रवाना हुई। संघ अध्यक्ष रामप्रसाद सूर्यवंशी ने बताया कि राज्य स्तरीय अभिभाषक क्रिकेट टुर्नामेंट जिला धार में होने जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में जिला अभिभाषक देवास के अभिभाषक भी भाग लेने जा रहे है। जिला न्यायालय परिसर से अभिभाषक संघ की टीम शुक्रवार को दोपहर 3 बजे रवाना हुई। सभी अभिभाषक खिलाडिय़ों का रवाना होने के पूर्व पुष्पमाला पहनाकर स्वागत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं श्रीमान न्यायायीक दण्डाधिकारी महोदय, प्रथम श्रेणी यशपाल सिंह, जिला अभिभाषक संघ उपाध्यक्ष चंद्रशेखर वाजपेयी, सचिव चंद्रपालसिंह सोलंकी, सहसचिव निलेश वर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश जायसवाल, पुस्तकालय सचिव लोकेन्द्र शुक्ला आदि ने करते हुए शुभकामनाएं दी।

## बीएनपी थाना अंतर्गत फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



बायपास मार्ग स्थित विजयागंज मंडी मार्ग पर बने फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर बीएनपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। व्यक्ति की पहचान के लिए आसपास प्रयास किए गए, लेकिन मृतक की पहचान ना हो सकी। घटना की मुआयना करने एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है। मामले को लेकर बीएनपी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह उज्जैन देवास बायपास मार्ग स्थित विजयागंज मंडी मोड़ पर बने फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे नाली में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था। घटना की सूचना मिलने पर बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी व एफएसएल अधिकारी आरसी भाटी मौके पर पहुंचे। बीएनपी थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास तलाश करने पर पता चला है कि दो-तीन दिन पूर्व यह व्यक्ति इसी क्षेत्र में घूम रहा था। उसी बिंदू पर आगे जांच कर रहे हैं। एफएसएल अधिकारी आरसी भाटी ने बताया कि मृतक के पास से 4 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के अलग-अलग नाम के मिले हैं, उसके हाथ पर कोई नाम भी गुदा हुआ है। बैंकों से जानकारी लेकर मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 12 ग्रामों में आयोजित किए गए कार्यक्रम

# पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ देने लिए गए आवेदन






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ का आयोजन ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर किया जा रहा है। ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' अंतर्गत जिले में शुक्रवार को 06 विकासखण्डों के 12 ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिसमें विकासखण्ड देवास के ग्राम रामगढ़ जंगली और मांगरोला, विकासखण्ड बागली के ग्राम सादीपुरा और डेहरियासाहू, विकासखण्ड कन्नौद के ग्राम नन्दन और हटलाय, विकासखण्ड खातेगांव के ग्राम, कांजीपुरा और उमरिया, विकासखण्ड सोनकच्छ के ग्राम फावड़ा और धतुरिया राम, विकासखण्ड टोंकखुर्द के ग्राम भीलखेड़ी और गुराड़यि सूरदास में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देने के लिए स्टॉल लगाकर आवेदन लिए गए।

स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ अंतर्गत आयोजित शिविर में सभी पात्र हितग्राहियों को केन्द्रीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन लिये गये। जिले में ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता गतिविधियाँ भी संचालित की जा रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा'' में ग्रामीण इलाकों में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामत्वि, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टलाइजर, अटल पेंशन योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एंड अर्बन ट्रांसपोर्टेशन-अमृत योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, खेलो इंडिया, उड़ान, वंदे भारत ट्रेन, अमृत भारत स्टेशन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को चिंहित कर लाभान्वित किया जा रहा है।

## ट्रक पलटने से पीने के पानी की लाइन फूटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुरुवार रात रसूलपुर बायपास चौराहा के पास एक मिनी ट्रक बेकाबू होकर रोड किनारे पलट गया। पास से गुजरी नगर निगम की 15 एमएलडी की पेयजल पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। लाइन लीकेज होते ही पानी का फव्वारा छूट गया और हजारों लीटर पानी सड़क पर बह गया।सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची नगर निगम की टीम ने वॉल्व बंद कर पानी को रोका गया। बताया जा रहा है कि ड्राइवर की गलती के चलते हादसा हुआ था। वह सड़क किनारे ट्रक खड़ा कर चाय पीने उतरा था। इसी दौरान ट्रक आगे बढ़ गया और सीधे जाकर रोड किनारे पलटा। इससे पाइप लाइन का एयर वॉल्व क्षतिग्रस्त हो गया।ट्रक में लहसुन भरा था और भोपाल से इंदौर की ओर जा रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन के माध्यम से मिनी ट्रक को लाइन पर से अलग किया। नगर निगम के इंजीनियर के अनुसार 15 एमएलडी की मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। जिसका मेंटेनेंस किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## फसल में जड़ महू रोग लगने से किसानों की बढ़ने लगी चिंता

**आष्टा।** किसानों ने रबी सीजन में पानी की कमी के चलते कम ही गेहूं की बोवनी की है। लेकिन इसमें जड़ महू रोग लग गया है। इसके चलते क्षेत्र के किसान चिंतित हैं। रोग के कारण फसल सूखने लगी है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को समय पर पानी नहीं मिलने से मुश्किलें और बढ़ गई हैं, क्योंकि इस बार पहले ही बारिश कम ही ऊपर से फसल में रोग से किसान दो तरफा मार से परेशान हैं। क्षेत्र में गेहूं की फसल में जड़ माहू रोग लगने से फसल बर्बाद होने लगी है। इससे क्षेत्र के किसान चिंतित हैं। रोग लगने के कारण गेहूं की फसल पीली पड़ने के साथ सूखने की कगार पर है। पौधा जड़ों से सूख रहा है। किसान रामसिंह किरार ने बताया कि उन्होंने 8 एकड़ में गेहूं की बोवनी की है। इसमें से 6 एकड़ में लगी हुई गेहूं की फसल पीली होकर सूखने लगी है।

## हितग्राहियों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

**सीहोर।** प्रदेश के साथ ही जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान अनेक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और योजनाओं से छूटे हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। साथ ही ग्राम पंचायतों में
अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे है। सीईओ श्री तिवारी ने कहा कि सभी ग्रामवासी इस यात्रा में आकर योजनाओं की जानकारी ले और अपने साथ-साथ अन्य नागरिको, जो योजनाओं का लाभ पाने से अभी तक वंचित हो, उन्हें यात्रा के दौरान योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

### विधानसभा चुनाव संपन्न होते ही वसूली के लिए विद्युत मंडल ने की सख्ती

# बिजली कंपनी ने चलाया वसूली अभियान किसानों के खेतों से जब्त किए पानी के पंप

जावर, मेहतवाड़ा ,हकीमाबाद ,बागेर ,सिद्धिकगंज प्रमुख बकायादार ग्रामों में 36 ट्रांसफार्मर, 35 से 40 लाख रुपए की बकाया राशि होने पर किए बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधानसभा चुनाव में वोट प्राप्त करने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिजली के बिल स्थगित किए थे।लेकिन जैसे ही चुनाव संपन्न हुए और सरकार के पास अपने अधिकारी- कर्मचारीयों को वेतन देने के लाले पड़े तो विद्युत मंडल ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बकायादारों पर वसूली करने के लिए कड़ा रूख अपनाया है ।एक तरफ जहां किसानों की विद्युत मोटर एवं अन्य सामान जब्त किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर 36 ट्रांसफार्मर उन ग्रामों के उतारे गए हैं, जहां पर 35 से 40 लाख रुपया उपभोक्ताओं पर बकाया था। भगवानपुरा ग्राम में डेढ़ लाख रुपए से अधिक की बकाया राशि होने पर किसान की विद्युत मोटर भी जब्त की गई है। विद्युत मंडल के उपमहाप्रबंधक अजय कुमार वाधवानी , कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू अधीनस्थों को लेकर अपने कार्यालय से निकलकर बकायादारों के द्वार पर पहुंचे हैं तथा परेशानी से बचने के लिए बकाया राशि जमा करने के लिए उपभोक्ताओं से कहा है।

विद्युत मंडल ने जो सख्त कदम बकायादारों के ट्रांसफार्मर बंद करने का उठाया है उसमें जावर, मेहतवाड़ा, बागेर ,हकीमाबाद, सिद्धिकगंज प्रमुख ग्राम है। उप महाप्रबंधक श्री वाधवानी ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि ग्राम बागेर, सिद्धिकगंज, हकीमाबाद,जावर, मेहतवाड़ा में उन ट्रांसफार्मरों को बंद किया गया है जिन पर 35 से 40 लाख रुपया उपभोक्ताओं पर बकाया था।

इन उपभोक्ताओं को बकाया राशि जमा करने के लिए पहले सूचना भी दी गई ।लेकिन उपभोक्ताओं द्वारा कोई ध्यान नहीं देने पर यह कदम उठाना पड़ा। कनिष्ठ यंत्री योगेश साहू ने बताया कि ग्राम भगवानपुरा निवासी रमेश माली पर 1 लाख 57 हजार रुपए विजिलेंस वसूली के थे ,राशि जमा ना करने पर विद्युत मोटर जब्त की गई है। विधान सभा चुनाव खत्म, बिजली कंपनी की सख्ती शुरू; 36 गांवों में ट्रांसफार्मर बंद किए, 36 गांवों की खेती की बिजली बंद की क्षेत्र में गेहूं की फसल बढ़वार पर है। गेहूं को अभी तीन बार सिंचाई की जरूरत है। इस बीच बिजली कंपनी ने बकाया वसूलने के लिए किसानों के खेतों पर लगे ट्रांसफार्मर बंद करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। 36 गांवों में ट्रांसफार्मर बंद कर दिए हैं और इन गांवों की खेती की बिजली सप्लाई बंद कर दी है। बिजली कंपनी की इस कार्रवाई पर इसलिए सवाल खड़े हो गए हैं क्योंकि इसे विधान सभा चुनाव के बाद शुरू किया है।हम बिजली कंपनी की कार्रवाई के खिलाफ नहीं है लेकिन किसानों ने इस कार्रवाई की टाइमिंग को भेदभाव से प्रेरित बताया है।

इधर, किसानों की गेहूं की फसल सूखने का खतरा बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि कनेक्शन काटने व ट्रांसफार्मर उतारने का काम फरवरी तक रोका जाए। बिजली कंपनी ने आष्टा में 100 प्रतिशत बकाया वाले ट्रांसफार्मर बंद की सूची तैयार कर ली है। 36 गांवों में कृषि पंपों की बिजली सप्लाई 11 केव्ही लाइन से बंद कर दी गई है।

# खेतों में झूल रहे बिजली के तार, हादसे का अंदेशा

**जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान**



**आष्टा।** इस प्रकार खेत में बिजली के 11 केव्केही के तार झूल रहे है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था काफी बिगड़ी हुई है स्थिति यह है कि किसानों के खेतों में 11 केव्ही के बिजली के तार झूले की तरह झूल रहे हैं ।जिसके कारण बीते माह ग्राम गवाखेड़ा में एक किसान मौत का शिकार भी हो गया। लेकिन उक्त हादसे के बाद भी विद्युत मंडल के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस समस्या का निदान करना नहीं चाहा ।आज भी बिजली के तार पुनः हादसे को आमंत्रण दे रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गवाखेड़ा में बलराम सिंह आत्मज औंकारसिंह के खेत में 11 केव्ही विद्युत बडी लाईन के तार नीचे झुलते हुए नजर आ रहे हैं।जिसके कारण गत माह अक्टूबर मे बलराम की मत्यु हो गई । विद्युत मंडल के अधिकारियों को चाहिए कि उक्त हादसे को गंभीरता से लेकर तत्काल बिजली के तारों को ठीक कराएं ताकि और कोई किसान मौत का शिकार ना हो।

## समय पर कार्यालय नहीं आए तो होगी कार्रवाई

**आष्टा।** प्रायः यह देखने में आ रहा था और नगर के जागरूक लोगों द्वारा बार-बार शिकायत आ रही थी कि नगरपालिका कर्मचारीगण निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित नही होने के चलते नागरिकों को परेशान होना पड़ता था। इन सभी के चलते नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना की मौजूदगी में 21 दिसंबर दिन गुरूवार को कार्यालय के प्रत्येक कमरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विभागों के प्रमुख अपने कमरों से नदारद नजर आए। नपाध्यक्ष मेवाड़ा ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना से कहा कि अपने अधिनस्थों पर नकैल कसकर रखें। समय पर कमरों में संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी नही मिलने के कारण नगर की जनता अपने छोटे-छोटे कार्यो के लिए इधर-उधर परेशान होते नजर आते है। श्रीमती मेवाड़ा ने यह भी कहा कि नागरिकों ने हमें उनकी सेवा व उन्हें मूलभूत सुविधाओं को आसानी से मुहैया कराने के लिए चुनकर अध्यक्ष बनाया है, ना कि उन्हें परेशान करने के लिए। इस प्रकार की स्थिति दोबारा बनने पर कोई भी अधिकारी व कर्मचारी हो नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कत्रव्य को समझे और उसी के अनुरूप नागरिकों के हर छोटे-बड़े कार्य को करें, नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए इसका विशेष ध्यान रखें। निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षद डॉ. सलीम खान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## 9 पंचायतों में 10 पंच पद के चुनाव सील लगाकर होंगे, अब तक दो नामांकन पत्र हुए जमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा विकासखंड की 9 ग्राम पंचायतों में पंच पद के 10 पद रिक्त हैं, जिनके लिए चुनाव कराए जाने का कार्यक्रम जारी हुआ है ।जिसमें दो पंचायत के दो पंच हेतु एक -एक नाम निर्देशन पत्र जमा हुए हैं । नाम निर्देशन पत्र जमा होने की अंतिम तारीख 22 दिसंबर है ।मतपत्र के माध्यम से मतदान की स्थिति निर्मित होने पर चुनाव कराए जाएंगे और अगर एक-एक ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए तो जांच के पश्चात उन्हें सही होने पर निर्विरोध घोषित किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर नायब तहसीलदार मुकेश सांवले ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी किया गया। मतदान 5 जनवरी 2024 को होगा। पंचायतों उप




निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने का कार्य 15 दिसम्बर से शुरू हो गया है। नाम निर्देशन-पत्र 22 दिसम्बर तक लिये जायेंगे। नाम निर्देशन-पत्रों की जांच 23 दिसम्बर को होगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 26 दिसम्बर है। इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन होगा।पंचायतों में मतदान 5 जनवरी 2024 को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंचायत उप निर्वाचन में पंचायत पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र में ही होगी।इसी प्रकार जनपद पंचायत आष्टा में 9 पदों में भानाखेडी, मेहतवाडा, नौगांव, अरोलिया आष्टा, लोरासखुर्द, पारदीखेड़ी, झीकडी मेवाती, डोडी, पाडलिया में पंच पदों का निर्वाचन होना है। पाडलिया में गुलाबसिंह सैंधव व नौगांव में बबिता ने पंच पद हेतु नाम निर्देशन पत्र जमा कराया।

# कथा वाचक ने कथा के यजमानों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



हमारी आत्मा से बाहर कोई भी शत्रु नहीं है। असली शत्रु हमारे अंदर ही है। काम, क्रोध, मद ,लोभ, मोह और ईर्ष्या यह सभी हमारे दुश्मन है। सभी हमारे खुद के अंदर छिपे हुए हैं। इसलिए खुद पर विजय प्राप्त करना, लाखों शत्रुओं पर विजय प्राप्त करने से अच्छा है। उक्त प्रेरक विचार श्री श्याम श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा खंडेलवाल मैदान मंडी गेट पर आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा के छठवें दिन व्यास पीठ से परम भागवत भास्कर संत श्री मिट्ठुपुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए। कथा से पूर्व यजमान सुषमा राजीव पवार द्वारा पूज्य महाराज श्री का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।आज कथा में गुरुदेव द्वारा आगे सुनाया की आज का मनुष्य धन कमाने के लिए भाग जा रहा है। जबकि वह अच्छी तरह जानता है। की अंतिम समय में एक फूटी कौड़ी भी उसके साथ नहीं जाएगी। जो भी धन कमाया है। वह इस धरा पर धरा ही रह जाएगा। लाख कमा लो हीरे मोती। याद रखो कफन में जेब नहीं होती। धन कमाने के बाद भी जीवन भर भयभीत रहता है। मनुष्य का जीवन चूहे जैसा हो गया है। जो हमेशा भयभीत रहता है। व्यक्ति हीरे को छोड़कर कांच के टुकड़ों को पकड़ रहा है। व्यक्ति के साथ धन नहीं उसका किया हुआ दान, सेवा, सत्कर्म ही साथ जाना है। आगे संत श्री द्वारा सीता स्वयंवर मैं भगवान श्री राम द्वारा भगवान शंकर के धनुष को तोड़ने की कथा को बड़े ही विस्तार से श्रवण करवाया। इसके पश्चात परशुराम लक्ष्मण संवाद को बड़े ही सरल शब्दों में सुनाया। अंत में भगवान श्री राम सीताजी का विवाह कथाकार पंडित दीपक शर्माजी द्वारा वैदिक रीति से विधि विधान से संपन्न करवाया। कथा समिति के अध्यक्ष संजीव पांचम, राजीव सुषमा पवार द्वारा जगत जननी जानकी सीता मैया के पांव का पूजन कर कन्यादान किया गया। इस अवसर पर संत श्री द्वारा गाए हुए सुंदर और मंगल विवाह गीतों पर सभी ने मंत्र मुग्ध होकर नृत्य किया। हल्दी और कुमकुम लगाकर एक दूसरे को बधाई दी गई। श्री राम विवाह के अवसर पर महाप्रसादी वितरण का परम सौभाग्य कमल ताम्रकार विजेंद्र सिंह सेंधव डेरी को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डॉ मीना सिंगी, कुमेर सिंह भाटी, गुलाब बाई ठाकुर, भोजवानी साहब,राजेंद्र सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह सेंधव डेरी, गजराज सिंह गोपालपुर, बहादुर सिंह ठाकुर, देवजी पटेल रिछड़िया, सोभाल सिंह धुमड़ा खेड़ी, घासीराम भील खेड़ी, दौलत सिंह पटेल लसूडिया पार, शोभालसिंह परोलिया, राजेश गुप्ता, हरिओम कटारिया, नरेंद्र भाटी, डॉ रतन सिंह, मोहन सिंह, जीवनराज माली खेड़ी, अमर सिंह राजपूत, कमल ताम्रकार,लखन पाटीदार, पंडित दीपक शर्मा, सुनील सोनी, प्रकाश जायसवाल सहित विशाल संख्या में भक्तगण पधारे और श्री राम कथा का श्रवणपान किया।

# ज्ञानार्जन के साथ बच्चों ने लिया अणु शॉपिंग मॉल का आनंद, अभय मुनि बोले धार्मिक संस्कार जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आचार्य श्री उमेश मुनिजी प्रवर्तक श्री जिनेंद्र मुनि जी की यही प्रेरणा होती है कि धार्मिक पाठशालाओं का नियमित संचालन हो, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी के शुभ संस्कारित धर्ममय जीवन की मजबूत नींव रखी जा सके। बच्चों में धार्मिक संस्कार होना जरूरी है ।लौकिक शिक्षा के साथ धार्मिक शिक्षा उनके भविष्य को संभारेगी।

उक्त बातें नगर के महावीर भवन स्थानक में विराजित अभय मुनिश्री ने पाठशाला के बच्चों के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। ज्ञानार्जन के साथ बच्चों के लिए अणु शॉपिंग मॉल स्थानक परिसर में लगाया गया ।जिसमें बच्चों ने अपनी इच्छा



अनुसार अंकों के आधार पर सामान लिया। उनके साथ उनके अभिभावकगण भी थे।

इसी उद्देश्य से पाठशाला के संदर्भ में एक नूतन प्रयोग श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्री संघ,आष्टा द्वारा किया गया ।जिसके अंतर्गत प्रति रविवार को स्थानक पर लगने वाले अणु संस्कार शिविर में बच्चों को उनकी नियमित उपस्थिति, ज्ञान कंठस्थ करके सुनाना, साप्ताहिक प्रत्याख्यान ग्रहण करके पालन करना , धार्मिक प्रतियोगिताओं के लिए प्रभावना के रूप में अणु मुद्रा प्रदान की गई। जिससे बच्चे उत्साह पूर्वक शिविर में भाग लेने लगे।शिविर में बच्चों को जो अणु मुद्रा प्रदान की गई। इससे वे उनके पसंद की वस्तु प्राप्त कर सके। इस हेतु श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्री संघ की सहयोगी संस्था सौभाग्य बहु मंडल एवं अणु मित्र मंडल के तत्वाधान में अणु संस्कार शिविर द्वारा अणु शॉपिंग मॉल का आयोजन पूज्य श्री हेमंत मुनिजी म.सा., पूज्य श्री अभय मुनि जी म.सा., पूज्य श्री गिरीश मुनि जी म.सा. के सानिध्य में किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे अपने माता-पिता व स्वजनों के साथ पहुंचे।बच्चों ने अपनी पसंद की वस्तु की खरीदी की। इस बाल मेले में श्री संघ के अलावा सौभाग्य बहु मंडल, अणु बालिका मंडल व अणु बाल मंडल सहित अनेक सदस्यो का सराहनीय सहयोग रहा।सौभाग्य बहु मंडल एवम अणु मित्र मंडल के इस नवीन प्रयोग की वरिष्ठ समाजजनों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

### सी.एम.राइज स्कूल और कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में चलाया कॉलेज चलो अभियान

# महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने का कर रहे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत सी.एम.राइज स्कूल एवं कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में इस अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा जो नई शिक्षा नीति लागू की गई है उसके अंतर्गत महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ पुष्पलता मिश्रा ने कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत दोनों ही विद्यालयों में यह जानकारी दी की शहीद भगत सिंह स्नातक महाविद्यालय में विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध है। शासन द्वारा संचालित विभिन योजनाएँ जैसे गांव की बेटी, प्रतिभा किरण, दिव्यांग छात्रवृत्ति, निर्धन छात्रवृत्ति, आवास योजना, अल्पसंख्यक योजना आदि इस तरह की 12 तरह की योजनाएँ महाविद्याल में संचालित है तथा महाविद्यालय में बेठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, खेलकूद, कन्या छात्रावास, बालक छात्रावास, आधुनिक प्रयोगशाला उपलब्ध है।

इसी की साथ महाविद्यालय में बी.ए., बी.ए. कम्प्यूटर बी.कॉम, बी.कॉम कम्प्यूटर, बी.बी.ए., बी.एससी, बी.एससी कम्प्यूटर, बी.सी.ए., बॉयोटेक तथा स्नातकोत्तर समाजशास्त्र, राजनीतिविज्ञान, हिन्दी, गणित एवं एम.कॉम पाठ्यक्रम स्ववित्तीय योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय में संचालित है। डॉ.मिश्रा ने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि महाविद्यालय में समय-समय पर



स्वरोजगार योजनाओं का प्रशिक्षण भी दिया जाता है तथा विद्यार्थियों को प्लेसमेंट भी किया जाता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.ललिता राय श्रीवास्तव ने कहा कि उच्च शिक्षा आपके कॅरियर की एक सीढ़ी है और उस सीढ़ी पर आप तब ही चढ़ सकते है जब आप महाविद्यालय में प्रवेश लेते है। हम देखते है कि प्राथमिक विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की संख्या बहुत अधिक होती है मिडिल में थोड़ी और काम हो जाती है हायर सेकेंडरी में उससे कम होती है और महाविद्यालय में आकर यह संख्या और घट जाती है तो शासन का और हम सबका यह प्रयास है की अधिक से अधिक विद्यार्थी 12वीं के बाद अपनी शिक्षा को निरंतर रखे एवं महाविद्यालय में प्रवेश ले। महाविद्यालय में प्रवेश लेने छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन एडमिशन की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया तथा महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए जिन-जिन दस्तावेजों की आवश्यकता है उन सब की तैयारी आप पहले से ही कर कर रख लें तथा जब भी ऑनलाइन फॉर्म भरने जाएं आप स्वयं उसे फॉर्म को भरें ताकि बाद में कोई अगर गलती हो जाती है तो उसके लिए आपको असुविधा का सामना न करना पड़े। महाविद्यालय में जिले की सबसे बड़ी ई-लाइब्रेरी भी शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में है जहां पर आप लाखों की संख्या में पुस्तकों को पढ़ सकते हैं इस अभियान के अंतर्गत आष्टा तहसील के समस्त हायर सेकेंडरी स्कूल एवं आसपास के गांव के हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी जाकर यह अभियान चलाया जाएगा ताकि महाविद्यालय में अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकें क्योंकि जानकारी के अभाव में भी बहुत से छात्र छात्राएं इससे वंचित रह जाते हैं अगर उनको सारी जानकारी पहले से ही प्राप्त होगी तो उन्हे महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए होने वाल असुवधिओं का सामना नही करना पड़ेगा।

ऐसे माता-पिता जो 12वीं के बाद अपने बच्चों को महाविद्यालय नहीं भेज पाते बच्चे शासन की योजनाओं और महाविद्यालय में पढ़ने से होने वाले लाभों से उनको अवगत कराएंगे तो ऐसी स्थिति में निश्चित ही महाविद्यालय की संख्या में वृद्धि होगी इस अवसर पर सी.एम.राईज स्कूल के प्राचार्य मो.सितवत खान ने भी बच्चों को 12वीं के बाद आगे की शिक्षा जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। कन्या हायर सेकेंडरी के प्राचार्य अमर सिंह परमार ने भी छात्र-छात्राओं से कहा कि मेरी दोनों बेटियां शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय आष्टा से ही पढ़कर आज सरकारी नौकरी में पदस्थ है। यहां महाविद्यालय में समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं यहां की शिक्षा व्यवस्था बहुत अच्छी है। अगर आप इस महाविद्यालय में प्रवेश लेते हैं तो आपका भविष्य उज्जवल होगा। इस अवसर पर डॉ.मेघा जैन के द्वारा भी छात्र-छात्राओं को अभियान के अंतर्गत प्रवेश लेने के लाभों से अवगत कराया गया।

# ग्रामीणों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत रामपुरा कला, सिंगारचोरी, झिकड़ी मेवाती, आवलीखेड़ा पंचायत पहुंची। यात्रा में पहुंचे जनप्रतिनिधि व अधिकारियों का ग्रामीणों ने स्वागत किया। वहीं अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। और जो शासन की योजना से छूटे हुए हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम वासियों ने प्रधानमंत्री आवास उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, जनधन, जीवन ज्योति योजना के आवेदन अधिकारियों को दिए। वहीं विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा हित लाभ का वितरण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार मुकेश सांवले, ग्राम पंचायत रामपुर कला सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर दरबार, सिंगारचोरी पंचायत सरपंच कुतुबुद्दीन खान, झीकड़ी मेवाती सरपंच अजगर खान, आवली खेड़ा पंचायत सरपंच सियाराम बारिया व सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उषा कार्यकर्ता व कर्मचारी उपस्थित थे।

### चार सदस्यीय दल ने जानी संपूर्ण सिंचाई प्रणाली, किसानों से जाने लाभ

# मोहनपुरा, कुंडालिया की तर्ज पर बनेंगी गुजरात की सिंचाई परियोजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले में मोहनपुरा एवं कुंडालिया भारत की ऐसी मेगा सिंचाई परियोजनाएं हैं जिनसे बांध से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। प्रेषराइज्ड सिंचाई प्रणाली के अनेकों लाभों के चलते अन्य राज्यों के सिंचाई विभाग के दल इन परियोजनाओं को जानने, समझने और अपने यहां लागू करने के मकसद से राजगढ़ आ रहे हैं।

गुजरात में कहीं पूर्व की भांति इस बार भी परियोजनाएं पूरी तरह से सफल न हो, इसी संशय को लेकर गुजरात से तकनीकी अमले में कार्यपालन यंत्री मणिलाल ए. गणवित, उप कार्यपालन यंत्री दर्शन आर. पुरोहित, सहायक यंत्री अलकेश पटेल के साथ किसान एसोसिएशन अध्यक्ष फूलसिंह भाई पटेल जिले में पहुंचे हैं। इस दल ने गुजरात की असफल परियोजनाओं का तो जिक्र किया ही साथ मोहनपुरा, कुंडलिया सिंचाई परियोजना को कैसे मूर्त रूप दिया जा रहा है, यह भी जाना। इस दौरान डेम व प्रेशराइज्ड सिंचाई प्रणाली की ड्राइंग डिजाइन से लेकर नहर को कैसे मूर्त रूप दिया और नहर बनाने के दौरान आने वाली समस्या व वर्तमान में इसका लाभ किसानों को कैसे मिल रहा, इसके लिए एक-एक बिंदु पर चर्चा की।



**दल ने किसानों से जाने सिंचाई पद्धति के लाभ**

*इसके बाद दल ने कालीपीठ और मुंडी पंप हाउस का अवलोकन किया और वहां के खेतों में जाकर किसानों से भी चर्चा की है। इस दौरान किसानों द्वारा बारी-बारी से लिए जाने वाले पानी, सिंचाई के तरीके, किस प्रकार की फसल ले रहे हैं, इस पर भी चर्चा की। इस मौके पर परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया, सहायक प्रबंधन संदीप दुबे, विपिन तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।*

#### तकनीकी व सामान्य पहलू समझे

दल के तकनीकी अमले ने तकनीक पहलू को समझा। डेम व पाइप लाइन प्रणाली के स्वीकृत होने से लेकर उसको पूर्ण रूप देने तक की प्रणाली समझी। वही अत्याधुनिक प्रणाली के ओएमएस, आरएमएस के साथ ही मोबाइल से संचालित होने वाली रिमोट प्रणाली को अच्छे से समझा। इसके साथ ही स्थानीय किसान अध्यक्ष ने सामान्य पहलुओं को समझा, क्योंकि उनके सामने चुनौती थी कि अभी तक जो भी डेम बने हैं उनका पूरा लाभ किसानों को नहीं मिल सका। इसलिए राजगढ़ में मोहनपुरा कुंडलिया प्रेशराइज सिंचाई प्रणाली को कैसे सफल किया, किसानों को कैसे लाभ दिया और उन्हें कैसे प्रशिक्षण देकर योजना के रखरखाव और सिंचाई के तरीके को जाना।

#### राज्यपाल ने भी किया सीधा संवाद

गुजरात से आए दल से राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने भी फोन पर किसान सभा के मुखिया फूल सिंह पटेल से संवाद किया और परियोजना के भ्रमण की जानकारी ली ।

## रामानुजन जयंती पर गणित विषय को लेकर विभिन्न स्पर्धा आयोजित



**कालापीपल।** सरस्वती शिशु मंदिर कालापीपल में श्रीनिवास रामानुजन की 136वीं जयंती गणित दिवस के रूप में मनाई गई। संस्था के प्राचार्य प्रवीण देशपांडे ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणित विषय के आचार्य जमुना प्रसाद शर्मा एवं गौरी शंकर खत्री ने जीवन में गणित विषय के महत्व को प्रतिपादित किया।

साथ ही विद्यार्थियों में गणित का डर दूर करने के लिए खेल-खेल में गणित को कैसे सीखें, विषय को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भैया बहनों ने उल्टी गिनती बोलना, पहाड़ा सुनाना, गणित का प्रश्न मंच, श्रीनिवास रामानुजन के चित्र बनाने की प्रतियोगिता एवं अन्य गणित विषय के महान विद्वानों के जीवन पर प्रकाश डालने की प्रतियोगिता में सहभागिता की। विजेता सभी विद्यार्थियों को संस्था प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य तरुण वर्मा ने किया एवं आभार संदीप नागर ने माना।



## साइबर फ्रॉड से बचने जनजन को जागरुक कर रही राजगढ़ पुलिस

### आमजनों को वितरित किए जा रहे जागरुकता पम्प्लेट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

साइबर अपराधों के प्रति जागरुकता ही ऐसे अपराधों से बचे रहने का सर्वोत्तम उपाय है। इसीलिए राजगढ़ जिला पुलिस द्वारा इन दिनों अभियान चलाकर आमजनों को साइबर फ्रॉड से कैसे बचा जाए, ऐसे उपायों के संबंध में गली-मोहल्लों, चैक-चैराहों पर अभियान चलाकर जागरुक किया जा रहा है। पुलिसकर्मी लोगों को बता रहे हैं किन, किन तरहों से जालसाज लोगों को अपने झांसे में लेकर गाड़ी कमाई का पैसा हथिया लेते हैं। साइबर ठगों के निशाने पर हर वर्ग के लोग और आमजन रहते हैं। चूंकि, अब सभी जगह डिजिटल माध्यम, इंटरनेट बैकिंग का यूज लोग कर रहे हैं ऐसे में साइबर ठगों की निगाहें लोगों पर बनी रहती है। बदलते वक्त के साथ साइबर ठगों ने भी ठगी के तरीके बदले हैं। ये कभी पेंशन खाते को अपग्रेड करने का लालच देते हैं तो कभी फर्जी लोन एप से लोगों को अपना निषाना बनाते हैं। कभी किसी की सोषल मीडिया आईडी हैक कर लते हैं तो कभी अन्य जरियों से रुपए ट्रांसफर करवा लिया करते हैं।



#### घबराएं नहीं, 1930 हेल्पलाइन नंबर पर करें शिकायत

जिला पुलिस द्वारा लोगों को पम्प्लेट्स आदि वितरित कर ऑनलाईन फ्रॉड, सोषल मीडिया फ्रॉड आदि के प्रति अवेयर किया जा रहा है। अगर किसी व्यक्ति के साथ इस तरह का फ्रॉड हो जाए तो घबराएं नहीं बल्कि राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर तुरंत इसकी शिकायत करें।

### विजेता, उप-विजेताओं को किया पुरस्कृत

## जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला स्तरीय शालेय अंतर विद्यालयीन प्रतियोगिता उत्कृष्ट मैदान स्थित इंडोर स्टेडियम में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले के सभी ब्लॉकों के 17 वर्ष के खिलाड़ियों ने कब्बड़ी, टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग में हिंद कान्वेंट नरसिंहगढ़ की टीम विजेता रही वहीं सीएम राईज स्कूल ब्यावरा को उप-विजेता का खिताब मिला वहीं तृतीय स्थान पर राजगढ़ उत्कृष्ट विद्यालय की टीम रही। इसी तरह बालिका वर्ग कबड्डी में सिस्टर निवेदिता स्कूल ब्यावरा की टीम विजेता रही। टेबल टेनिस बाल में उत्कृष्ट राजगढ़, टेबल टेनिस बालिका वर्ग में कन्या शाला ब्यावरा विजेता रही। जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का शुभारंभ जिला षिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने किया। संभागीय खेल युवा कल्याण अधिकारी शर्मिला मुजाल्दे, प्राचार्य महेश गुप्ता, पीटीआई चंदा खान, राम भील, गोपाल परमार, योगेष तिवारी, रामकुमार पुष्पद, राषिद खान उपस्थित रहे। विजेता टीमों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। अब ये टीम 28 दिसंबर को भोपाल में आयोजित होने वाली संभागीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी।

## शिक्षकों का इंतजार करते मिले छात्र छात्राएं, आखिर कब आएंगे शिक्षक ?

### अर्धवार्षिक परीक्षा फिर भी 11.45 बजे तक नहीं पहुंचे शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

आजकल शासकीय विद्यालयों में शिक्षकों का विद्यालय में देरी से जाना और समय से पहले विद्यालय बंद कर वापस आना आम बात हो गई है, वही शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों का शिक्षा स्तर गिरता जा रहा है, शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों पर कठोर कार्यवाही नहीं होने से शिक्षकों के हौसले बुलंद है। अब ऐसे में बच्चों का भविष्य अंधकार में है। ऐसा ही एक मामला जब मीडिया ने जायजा लिया तो पाया कि शासकीय माध्यमिक विद्यालय पानखेड़ी में करीबन 11रू 45 बजे तक छात्र- छात्राएं विद्यालय के ग्राउंड में शिक्षकों का इंतजार कर रहे थे जब मीडिया ने छात्र-छात्राओं सागर कक्षा 6 टी, युवराज कक्षा 6टी, राधा कक्षा 7 वी, पृथ्वीराज कक्षा 7 वीं , कालू सिंह कक्षा 7 वीं ने बताया आज हमारी अर्धवार्षिक परीक्षा है और पेपर गणित का है।




#### नहीं पहुंचे प्रधानाध्यापक

हम विद्यालय आए हैं लेकिन अभी तक शिक्षक विद्यालय में नहीं पहुंचे शायद देरी से आ जाएंगे।मीडिया ने जब विद्यालय में पदस्थ प्रधानाध्यापक मदन सिंह परमार से पूछा कहां हो सर, तो बताया में खिलचीपुर सोंधिया समाज की धर्मशाला में गेहूं खेड़ी वाले प्रेम नारायण गुरु जी की कथा की तैयारी करवा रहा हूं।फिर पूछा आज आप स्कूल नहीं गए तब शिक्षक बोले आप कौन पूछने वाले ।अब ऐसे में देखना यह है कि शिक्षा विभाग द्वारा प्रधान अध्यापक मदन सिंह परमार पर कठोर कार्यवाही की जावेगी या ऐसे ही विद्यालयों में शिक्षकों की लापरवाही चलती रहेगी।

#### नोटिस करेंगे जारी

ऐसी लापरवाही पर तत्काल नोटिस जारी कर वरिष्ठ कार्यालय को अवगत करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

**पुन्नीलाल दांगी**
ब्लॉक शिक्षा अधिकारी खिलचीपुर।

#### कार्रवाई करेंगे

ऐसा कौन शिक्षक है जो एग्जाम पीरियड में समय से स्कूल नहीं पहुंच रहा है, जांच करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

**अंकिता जैन,** एस.डी.एम. खिलचीपुर।

## कल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

24 दिसम्बर को मां फलोदी खैराबाद धाम में मेडतवाल समाज के अविवाहित युवक युवतियों का परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन रखा गया। परिचय सम्मेलन को लेकर बड़ी संख्या में समाज के युवक युवतियों की प्रविष्टियों प्राप्त हो रही है तथा अधिकाधिक संख्या में समाज बंधू शामिल होवेगें। खैराबाद धाम परिचय सम्मेलन के सामाजिक परिचय कुम्भ का यह आयोजन श्री फलोदी माताजी महाराज ट्रस्टी गण, टीम मिशन परिचय सम्मेलन, टीम सखी के द्वारा आयोजित हो रहा है समाज जनों से आग्रह है कि अपने बालक बालिकाओं को परिचय सम्मेलन में शामिल कर अधिकाधिक रिश्ते तय करें। हर पंजीकृत बालक बालिका को उचित समय परिचय सम्मेलन में दिया जायेगा मिशन परिचय टीम का यह प्रयास है।

जिसमें सुबह 8 बजे से चाय नाश्ता अल्पाहार, आपसी मिलन। ऐतिहासिक धरोहर माँ फलोदी आरोग्य मंदिर लोकार्पण एवं अनवरत चलने वाले परिचय सम्मेलन का भरपूर आनंद लेवे। जहां पर समाज के सहयोगी भामाशाह का सम्मान भी किया जावेगा।श्री फलोदी माताजी महाराज ट्रस्टी गण ,टीम मिशन परिचय ,टीम सखी एवं समस्त सहयोगी भामाशाह बंधू उक्त आयोजन में सहयोगी रहेंगे।

## भाई ने लगा दी भाई के घर में सेंध

**ब्यावरा।** शहर में फरियादी जियाउल से भी पिता अब्बास अली निवासी रामलीला मार्ग भंवरगंज ब्यावरा के संबंध में थाने में चोरी के संबंध में एक आवेदन पेश किया। जिसकी जांच पर से अपराध क्रमांक 847/2023 धारा 380 पचब का पंजीबद्ध किया जा कर विवेचना में लिया गया। अफरियादी के घर में अज्ञात चोर के संबंध में सूचना प्राप्त हुई कि जियाउल सैफी के मकान में से नगदी रूपयो की हुई चोरी करने वाले फरियादी के भाई को घटना के संबंध में पूछताछ हेतु थाना लेकर आए जिससे फरियादी के घर में नगदी रुपए चोरी होने के संबंध में हिकमत अमली से पूछा करने पर आरोपी ने जुर्म करना स्वीकार किया आरोपी से चोरी हुए नगदी रुपए 4 लाख 50 हजार जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

## उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने वालों के फूंके पुतले, की निंदा

### सांसदों का यह कृत्य निंदनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

देष के सर्वोच्य और गरिमामय पदों पर राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, राज्यपालों को आसीन किया जाता है। विगत दिवस संसद परिसर के अंदर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उप-राष्ट्रपति जगदीष धनखड़ का मखौल उड़ाते हुए उनकी मिमिक्री की गई थी।

राहुल गांधी जहां इसका वीडियो बना रहे थे वहीं अन्य इंका सांसद मिमिक्री पर खिलखिलाकर हंस रहे थे। भारतीय जनता पार्टी ने इस कृत्य की तीखी निंदा की है। इसी कड़ी में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने गुरुवार दोपहर खिलचीपुर नाके पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी सहित राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस मौके पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसदों का यह कृत्य निंदनीय है। उन्होंने उप-राष्ट्रपति का मखौल उडाकर अपनी निम्न सोच जाहिर की है। पुतला दहन अवसर पर सीसीबी के पूर्व चेयरमेन कैलाष मौर्य, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, मंडल अध्यक्ष मनीष जोषी, केपी पंवार, प्रताप सिंह सिसोदिया, आनंद त्रिपाठी, जगदीष दास, मोहम्मद शफीक गामा, साकेत शर्मा, रामनारायण शर्मा, संजय गुप्ता, पांचू दांगी, प्रवीण मिश्रा, महेष सेन, दिलीप सौलंकी, रफीक खान, गजराज चैहान, रघुभूषण, प्रांजल खुजनेरी सहित कई उपस्थित थे।



## छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए स्कूलों में पहुंचा पुलिस विभाग



**ब्यावरा।** गुरुवार को देहात थाना अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय अशासकीय विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों में देहात थाने की टीम पहुंची वहां पर उपस्थित कक्षा नर्सरी से 12वी तक के बच्चों को एएसआई यादव द्वारा गुड टच बेड टच , साइबर जागरूकता जेसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई वही बच्चो से पूछा गया की उन्हें घर से विघालय एवं कोचिंग पहुंचने तक किसी के द्वारा परेशान तो नही किया जाता है यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा आपको परेशान किया जाता है तो आप पुलिस विभाग के नंबर पर संपर्क कर जानकारी दे सकते हैं। वहीं विभाग द्वारा निजी संस्थानों में चल रहे वाहनों की संपूर्ण जानकारी ड्राइवर के लाइसेंस एवं आधार कार्ड और संस्था में काम करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सूची एवं मोबाइल नंबर लिए गए पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त थाना प्रभारी को हर तीन माह में विद्यालय संचालकों के साथ एवं वाहन चालकों के साथ एक बैठक रख परिस्थितियों का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं एवं उन रास्तों पर पेट्रोलिंग करने हेतु निर्देशित किया गया है जहां पर निजी संस्थाएं एवं कोचिंग संचालित की जाती हैं और छात्र-छात्राओं का बड़ी संख्या में आना-जाना लगा रहता है। देहात थाने से आरक्षक हेमंत भार्गव एवं महिला पुलिस कर्मी संगीता उपस्थित रहे।

### सेकनपुर में 3 दिन से रात-दिन चल रहीं 2 पोकलेन, रोज निकाली जा रही सैकडों ट्रॉली रेत

# दहाड़ने लगी पोकलेनें, रेत के अवैध खनन पर विभाग मौन!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

खनन माफिया हैं के मानते नहीं, मौका मिला और दिन राज नदियों का सीना चीरकर रेत का अवैध खनन करते नजर आते है। ऐसे में खनिज,राजस्व और पुलिस को पता कैसे नहीं चलता यह अचंभित करने वाली बात है। पिछले तीन दिनों से सुठालिया तहसील के सेकनपुर में रेत का अवैध खनन चल रहा है और जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं। गुरूवार की दोपहर अधिकारियों को भेजे गए वीडियों के बाद भी खनिज विभाग तो सोता रहा परंतु राजस्व विभाग के तहसीलदार ने पहल करते हुए तुरंत खनन बंद करवाने की पहल की।

#### पिछले साल इसी खदान में रेत निकालते हुए हुई थी मजदूर की मौत

माफियाओं का सिर्फ एक ही उदेश्य होता है किसी भी तरह ज्यादा से ज्यादा खनन कर अपना उल्लू सीधा किया जाए फिर चाहे लेवर जिंदा रहे या न रहे। दिन रात खनन करने वाले माफियाओं को पता होना चाहिए कि पिछले साल इसी खदान में रेत निकालते समय एक मजदूर की मौत को गई थी। स्थानीय निवासियों की माने तो पिछले 3 सालों से खदान की निलामी नही हुई है।



#### खनिज इंस्पेक्टर की मिली भगत का अंदेशा

खनिज विभाग के इंस्पेक्टर मुकेश सिकरवार के हाल यह है कि लगातार उनको मोबाइल से संपर्क करने की कोशिश कीजिए जिससे पता चल सके की खदान अवैध है या फिर वैध परंतु उनको इतनी भी फुर्सत नहीं की दिन भर में एक बार भी जिम्मेदारी निभाते हुए विभाग से संबंधित जबाव मीडिया को दे। मैसेज करने के बाद भी खुमारी खत्म होने का नाम नहीं लेती। इससे प्रतीत होता है कि अवैध खनन से संबंधित जबाव न देकर जिम्मेदारी से बचा जा सकता है।



#### अवैध खनन बंद कराया है

आपके द्वारा संज्ञान में लाने के बाद हमने मौके पर जाकर अवैध खनन बंद करवा दिया है।

**दोजीराम अहिरवार,** तहसीलदार सुठालिया